भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 1618
सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा**

**1618. श्रीमती भारती पारधी:**
**श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर:**
**श्री संजय उत्तमराव देशमुख:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में, विशेषकर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में पर्यटन के विकास के लिए केन्द्र सरकार द्वारा आवंटित और खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) विभिन्न परियोजनाओं के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या वर्तमान में महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए कोई विशिष्ट परियोजनाएं या योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं;

(च) यदि हां, तो विशेष रूप से यवतमाल-वाशिम संसदीय क्षेत्र में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(छ) विगत पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में जिलेवार कितने पर्यटन स्थल विकसित किए गए हैं; और

(ज) क्या सरकार का मध्य प्रदेश में पर्यटन और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए अधिक धनराशि आवंटित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पर्यटन स्थलों और उत्पादों के विकास और संवर्धन का कार्य संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के पर्यटन उत्पादों सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों का विकास करके और उन्हें बढ़ावा देकर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के प्रयासों को पूरा करता है।

पर्यटन मंत्रालय "आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार" (डीपीपीएच) और "समुद्रपारीय संवर्धन और प्रचार (ओपीपी)" नामक अपनी योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न पहलों के माध्यम से महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के गंतव्यों सहित भारत के गंतव्यों को समग्र रूप से बढ़ावा देता है। चल रही अपनी गतिविधियों के भाग के रूप में; यह भारत के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, ऑनलाइन और आउटडोर मीडिया अभियान जारी रखता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया प्रचार के माध्यम से भी नियमित रूप से विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों को बढ़ावा देता है।

(ख) से (ज): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', राष्ट्रीय तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता' नामक योजनाओं के अंतर्गत महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के गंतव्यों सहित देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) के नाम से नया रूप दिया है, जिसका उद्देश्य गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण के साथ टिकाऊ और जिम्मेदारीयुक्त गंतव्यों का विकास करना है।

व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय की पूंजी निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के अंतर्गत, पर्यटन मंत्रालय द्वारा वैश्विक स्तर के प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास के लिए परिचालन दिशानिर्देश जारी किए गए थे। इन दिशानिर्देशों के अनुरूप, भारत सरकार ने मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र सहित देश भर में ऐसे पर्यटन स्थलों के विकास के लिए परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनके बारे में लोगों को बहुत कम जानकारी है।

पर्यटन मंत्रालय अपने आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के अंतर्गत मेलों/त्योहारों और पर्यटन से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता रहा है।

मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों के लिए उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए समय-समय पर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। निर्धारित प्रावधानों की पूर्ति और धन की उपलब्धता के अध्यधीन परियोजनाओं के इन प्रस्तावों के ऊपर विचार किया जाता है।

*****

**अनुबंध**

श्रीमती भारती पारधी, श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर एवं श्री संजय उत्तमराव देशमुख द्वारा महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 10.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 1618 के भाग (ख) से (ज) के उत्तर में **विवरण**

**मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि करोड़ रु. में | स्वीकृत/ प्राधिकृत राशि* करोड़ रु. में | उपयोग की गई राशि करोड़ रु. में (कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा प्रस्तुत यूसी के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | पन्ना-मुकुंदपुर-संजय-दुबरी-बांधवगढ़-कान्हा-मुक्की-पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास | 92.10 | 86.31 | 86.31 |
| 2. | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | साँची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार का विकास | 74.02 | 72.75 | 72.75 |
| 3. | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास | 89.82 | 89.49 | 89.49 |
| 4. | मध्य प्रदेश | इको परिपथ 2017-18 | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बरगी बांध - भेड़ाघाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास | 93.76 | 93.59 | 93.59 |
| 5. | महाराष्ट्र | तटीय परिपथ | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, | 19.06 | 18.10 | 17.61 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2015-16 | विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), मितभव का विकास | | | |
| 6. | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | वाकी- अदासा- धापेवाड़ा- पारदसिंघा- तेलनखंडी- गिराड का विकास | 45.47 | 43.19 | 38.24 |

* इसमें केन्द्रीय क्षेत्र योजना के लिए टीएसए मॉडल I के माध्यम से सीएनए को प्राधिकृत की गई राशि शामिल है।

**मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | राज्य | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | स्वीकृति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **मध्य प्रदेश** | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.73 | 29-02-2024 |
| 2 | **मध्य प्रदेश** | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 27.21 | 05-03-2024 |
| 3 | **महाराष्ट्र** | पुणे | शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क- चरण 3 | 76.22 | 21-09-2024 |

**मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र | क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में) | जारी राशि (करोड़ रु. में) | वित्तीय प्रगति % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **मध्य प्रदेश** | 1 | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 34.73 | 69% |
| | 2 | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 | 43.93 | 100% |
| **महाराष्ट्र** | 3 | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 45.41 | 29.93 | 66% |

**मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राज्य | एजेंसी | स्वीकृति की तिथि | स्वीकृत राशि (लाख रु. में) | जारी राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राज्य | एजेंसी | स्वीकृति की तिथि | स्वीकृत राशि (लाख रु. में) | जारी राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कान्होजी आंग्रे लाइटहाउस का पर्यटन स्थल के रूप में विकास | महाराष्ट्र | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 09-08-2016 | 1500 | 1500 |
| 2 | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/ आधुनिकीकरण | महाराष्ट्र | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 29-12-2017 | 1250 | 1250 |
| 3 | इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | महाराष्ट्र | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 20-12-2021 | 3750 | 3000 |
| 4 | आईटीडीसी द्वारा बेलताल झील, दमोह, मध्य प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना | मध्य प्रदेश | आईटीडीसी | 29-09-2020 | 2315.30 | 1008.27 |

**मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता - वैश्विक स्तर के प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास (एसएएससीआई योजना) के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं**

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | जारी राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदेश | ओरछा: ओरछा में एक मध्यकालीन वैभव | 99.92 | 131.53 |
| 2. | मध्य प्रदेश | भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर | 99.38 | |
| 3. | महाराष्ट्र | सिंधुदुर्ग में आईएनएस-गुलदार अंडरवाटर म्यूजियम, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन | 46.91 | 96.39 |
| 4. | महाराष्ट्र | नासिक में राम-काल पथ का विकास | 99.14 | |

**मध्य प्रदेश राज्य में आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त मेलों, महोत्सवों और कार्यक्रमों की सूची:**

| राज्य का नाम | वर्ष | मेलों और महोत्सवों का नाम | स्वीकृत राशि (लाख रु. में) | जारी राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 2019-20 | पचमढ़ी उत्सव, पचमढ़ी | 10.00 | 10.00 |
| | | जल महोत्सव, हनुवंतिया | 15.00 | 15.00 |
| | | खजुराहो नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2020-21 | बैगा ओलिंपिक | 20.00 | 20.00 |
| | 2021-22 | पचमढ़ी उत्सव, पचमढ़ी | 10.00 | 10.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | जल महोत्सव, हनुवंतिया | 25.00 | 25.00 |
| | | खजुराहो नृत्य महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| | 2022-23 | जल महोत्सव, हनुवंतिया | 25.00 | 25.00 |
| | | खजुराहो नृत्य महोत्सव | 15.00 | 15.00 |

*****